# अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 4 जुलाई 2026
आषाढ़ कृष्ण-चतुर्थी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO.7 : BOTTOM


# एसआरएमएस ब्लू ने एमपीएस क्रिकेट अकादमी को 4 विकेट से दी शिकस्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरेली।** मोहनपुर ठिरिया रोड स्थित मनीष क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर चल रहे अंडर-14 क्रिकेट कप में दर्शकों को एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इसमें एसआरएमएस ब्लू ने एमपीएस क्रिकेट अकादमी को चार विकेट से हराकर जीत दर्ज की।

मैच की शुरुआत में पहले बल्लेबाजी करने उतरी एमपीएस क्रिकेट अकादमी की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में 207 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। एमपीएस की इस मजबूत पारी के मुख्य सूत्रधार रहे आयान सुधाकर जिन्होंने मैदान के चारों तरफ शानदार शॉट्स खेलते हुए 94 रनों की जुझारू और उत्कृष्ट पारी खेली। उनकी इस बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत ही टीम एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सकी।



अंडर-14 क्रिकेट कप में शॉट मारता खिलाड़ी। स्रोत : आयोजक

208 रनों के इस मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस ब्लू की शुरुआत सधी हुई रही। टीम के बल्लेबाजों ने सूझबूझ और आक्रामक खेल का बेहतरीन संतुलन बनाते हुए मैच को अंतिम ओवरों तक खींच लिया। बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंचे इस मुकाबले में एसआरएमएस ब्लू ने 29.4 ओवरों में छह विकेट खोकर 208 रन बना लिए और मैच को चार विकेट से अपने नाम कर लिया।

एसआरएमएस ब्लू की इस शानदार जीत में अंशुमन ने मुख्य भूमिका निभाई, जिनके मैच जिताऊ प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं, एमपीएस के आयान सुधाकर को उनकी बेहतरीन 94 रनों की पारी के लिए फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। पूरे मैच के दौरान दोनों ही टीमों के युवा खिलाड़ियों में गजब का उत्साह, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना देखने को मिली।